समाचार

निगरानी दलों को दिया गया होम आईसोलेशन व निगरानी कार्य का प्रशिक्षण

(राजीव गांधी आडिटोरियम में 02 पालियों में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण)

कोरबा 14 सितम्बर 2020 —नगर पालिक निगम कोरबा के समस्त 67 वार्डो में कोविड—19 के बिना लक्षण या कम लक्षण वाले पाजिटिव मरीजों को होम आईसोलेशन कराने की प्रक्रिया एवं उनकी निगरानी हेतु गठित निगरानी दलों के सदस्यों एवं नियंत्रण कक्ष में संलग्न व्याख्याता शिक्षक आदि को आज कार्य का गहन एंव सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया गया, यह प्रशिक्षण 02 पालियों में सम्पन्न हुआ।

प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुक्त श्री एस.जयवर्धन एवं अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने प्रशिक्षण दल में शामिल अधिकारी कर्मचारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया तथा कहा कि शासन के निर्देशानुसार कोविड—19 के बिना लक्षण या कम लक्षण वाले पाजिटिव मरीजों को उनके घर पर ही होम आईसोलेशन पर रखा जा रहा हैं तथा उनकी निरंतर निगरानी की जा रही हैं। उन्होने कहा कि इस कार्य में निगरानी दल में संलग्न सदस्यों की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, अतः कार्य में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा व सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को पूरी गंभीरता से लें तथा अपने कार्य के दौरान उनका पूर्ण रूप से पालन करें ताकि त्रुटि की गुंजाईश न रहे।

प्रोफेसर सुशील कुमार गुप्ता एवं प्रोफेसर पी.के.सिन्हा ने निगरानी दल के सदस्यों को कार्य का सघन व सूक्ष्म रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होने कहा कि होम आईसोलेशन की अनुमति देने के पूर्व मरीज के होम आईसोलेशन की पात्रता के संबंध में शासन द्वारा आवश्यक गाईड लाईन एवं शर्ते निर्धारित की गई हैं, इन शर्तो की पूर्ति होने पर ही होम आईसोलेशन की अनुमति दी जा रही है, उन्होने बताया कि होम आईसोलेशन हेतु सबसे ज्यादा अनिवार्य है कि मरीज हेतु घर में पृथक से एक हवादार कमरा एवं पृथक शौचालय होना चाहिए। होम आईसोलेशन पर रह रहे मरीज एवं उनके परिवार का कोई भी सदस्य 17 दिवस की आईसोलेशन अवधि में घर के बाहर नहीं जाएगा तथा बाहर से कोई अन्य व्यक्ति उनके घर में प्रवेश नहीं करेगा। होम आईसोलेट मरीज की 24 घंटे देखभाल के लिए उनके घर का एक सदस्य अटेंडेट के रूप में कार्य करेगा तथा इस अटेंडेट की उम्र 24 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होगी तथा अटेंडेट को किसी प्रकार की बीमारी नहीं है, यह भी सुनिश्चित करना हैं। अटेंडेट के देखभाल संबंधी क्या कार्य रहेंगे, इस संबंध में भी सूक्ष्मता के साथ निगरानी दल के सदस्यों को बताया गया। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण देते हुए आगे कहा कि होम आईसोलेशन पर रह रहे लोगों की निरंतर निगरानी तथा उनके संबंध में आवश्यक रिपोर्टिंग की महती जिम्मेदारी दल के सदस्यों की है, इसके साथ ही होम आईसोलेट व्यक्ति के पड़ोसियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है, अतः निगरानी दल के सदस्य पड़ोसियों की भी काउंसिलिंग करें, उन्हें प्रेरित करें कि वे होम आईसोलेट मरीज के परिवार की आवश्यक मदद करें, घबराएं व डरे नहीं बल्कि आवश्यक सावधानी बरतते हुए, उन्हें आवश्यक सहयोग एवं उनकी सहायता करें, उनका मनोबल बढ़ाएं। होम आईसोलेशन कर रहे मरीज सर्वप्रथम अपने मोबाईल फोन पर '' आरोग्य सेतु एप '' को डाउनलोड कर लें तथा 24 घंटे इस एप नोटिफिकेशन एवं लोकशन ट्रेकिंग को आन रखें। घर से निकले हुए विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट को सुरक्षित रूप से संग्रहित करके घर पर रखें तथा इस अपशिष्ट के संग्रहण हेतु नगर निगम से आने वाले विशेष वाहन, संग्रहणकर्ता को दें, किसी भी हालत में अपशिष्ट को घर के बाहर न फेंके। मरीज केवल अपने कमरे में ही रहे, अपने चिन्हित शौचालय का ही प्रयोग करें, घर के अन्य लोगों के साथ बर्तन, तौलिए जैसी व्यक्तिगत वस्तुओं को साझा न करें, घर के दूसरे कमरों में न जाएं और न ही घर की किसी वस्तु को छुएं ताकि घर के अन्य सदस्य संक्रमण से बचे रहें। मरीज ज्यादा से ज्यादा आराम करें, शरीर में पानी कमी न होने दें, तरल पदार्थो, सब्जी व फलों का सेवन करें, पोष्टिक आहार लें। यदि परिवार का कोई सदस्य बुजुर्ग है, जिनकी उम्र 60 साल से अधिक है अथवा घर में कोई गर्भवती महिला है या फिर कैंसर, अस्थमा, सांस की बीमारी, डायबिटिज, बी.पी., हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी आदि से पीड़ित है तो उन्हें मरीज के ठीक होने तक मरीज से दूर रखें, यदि संभव हों तो किसी रिश्तेदार या जानकार के घर पर ठहराने की व्यवस्था करें। मरीज तापमान मापने के लिए थर्मामीटर एवं पल्स आक्सीमीटर घर पर रखें तथा नियमित रूप से स्वयं अपने शरीर का तापमान, पल्स रेट मापने के साथ ही अपने स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखें तथा स्वास्थ्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी स्वास्थ्य दल को दें, साथ ही अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी भी नियमित रूप से प्रदान करें।

अब तक 123 कोरोना पाजिटिव होम आईसोलेट – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत सभी 08 जोन में आज 14 सितम्बर तक कुल 123 कोविड—19 मरीजों को होम आईसोलेशन पर रखा गया है। प्राप्त जानकारी

के अनुसार कोसाबाड़ी जोन में 42, रविशंकर शुक्ल जोन में 10, कोरबा जोन में 15, टी.पी.नगर जोन में 18, बालको जोन में 16, दर्री जोन में 12, बांकीमोंगरा जोन में 07 व सर्वमंगला जोन में 03 बिना लक्षण एवं कम लक्षण वाले कोविड–19 के मरीज होम आईसोलेशन पर हैं।